सं0सं0–17/ए–3–49/2012 -75 (17)
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

आशीष कुमार,
सचिव(प0क0)

पीडपोस्ट

सेवा में,

1. श्री अमिताभ वर्मा,
बी/43, हाउसिंग कॉलोनी, कंकड़बाग,
पटना, पिन–800020
मोबाईल नं0–08757579822

पटना, दिनांक– 22/01/13

विषय :– राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, कार्डियोथोरासिक सर्जरी विभाग में नियुक्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में योगदान करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, **कार्डियोथोरासिक सर्जरी** के पद पर आपकी नियुक्ति करने का प्रस्ताव है। यह नियुक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि यदि संबंधित पुलिस अधीक्षक से आपका चरित्र एवं पूर्व वृत सत्यापन, प्रतिकूल प्राप्त होगा तो आपकी नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि दिनांक–29.01.13 को 11.00 बजे में स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। यदि आप सरकारी सेवा में कार्यरत हों तो वर्तमान कार्यरत स्थान से विरमित होकर ही योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात नियुक्ति पत्र हस्तगत कराया जायेगा।

विश्वासभाजन

(आशीष कुमार)
सचिव(प0क0)

ज्ञापांक– 75 (17) /स्वा0, पटना, दिनांक– 22/01/13

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव(प0क0)

D/folder/s.n. sinha sir/Appointment Assistant Professor file-02